**Seventeenth Loksabha**

an>

Title: Demand to unseal Muzaffarpur Eye Hospital to facilitate eye treatment of poors.

**श्री अजय निषाद (मुजफ्फरपुर)**: अध्यक्ष जी, मैं आपका ध्यान 22/11/2021 को मेरे लोक सभा क्षेत्र की घटना की ओर आकृष्ट कर रहा हूं, जिसमें 15 गरीब-निर्धन लोगों का मुजफ्फपुर आई हॉस्पिटल द्वारा मुफ्त में किए गए मोतियाबिंद ऑपरेशन से 15 व्यक्तियों की आंखें निकालनी पड़ीं । इस घटना की जांच रिपोर्ट से पता चला कि ओ.टी. में संक्रमण होने से ऐसी घटना हुई । मैं आपके संज्ञान में यह भी लाना चाहता हूं कि मुजफ्फपुर आई हॉस्पिटल की स्थापना वर्ष 1973 में हुई और इस संस्था द्वारा अभी तक 3 लाख 67 हजार लोगों का सफल ऑपरेशन किया गया है । यह संस्था हर रविवार को फ्री कैम्प के साथ-साथ रोगियों को मुफ्त भोजन भी कराती है । इसकी ओपीडी में अभी तक लगभग 40 लाख लोगों का इलाज हो चुका है । विदित हो कि मुजफ्फरपुर सरकारी अस्पताल द्वारा वर्ष 2010 के बाद आंखों का किसी प्रकार का कोई ऑपरेशन नहीं किया गया है, जिसके कारण गरीब और निर्धन लोग स्वाभाविक रूप से आंखों के इलाज के लिए मुजफ्फपुर आई हॉस्पिटल का रुख करते हैं ।

मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करना चाहूंगा कि सील किए गए मुजफ्फपुर आई हॉस्पिटल को शीघ्र खोला जाए, ताकि वहां दोबारा गरीब लोगों का इलाज शुरू हो सके । साथ ही, मैं बिहार सरकार से आग्रह करूंगा कि पीड़ित लोगों को समुचित आर्थिक मुआवजा दिया जाए । धन्यवाद ।